हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

10 समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें


10 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित



## खबर संक्षेप

### पूजा के लिए लाइन में लगी महिला की चैन चोरी

**जींद।** गांव कालवन में शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंची महिला के गले से किसी महिला ने भीड़ का फायदा उठा कर सोने की चैन तोड़ ली। गढ़ी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू मॉडल टाउन टोहाना निवासी अंजू गर्ग ने पुलिस को शिकायत दी है।

### किराये पर ट्राला ले दूसरे को बेचने का आरोपी काबू

**कैथल।** सीवन थाना क्षेत्र के गांव फर्श माजरा से किराये पर ट्राला लेकर दुसरे को बेचने के मामले में थाना सीवन पुलिस प्रभारी एसआई कुलदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव धनोरी निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फर्श माजरा निवासी बलराज कि शिकायत दर्ज करवाई थी।

### कार की चपेट में आने से महिला घायल, केस दर्ज

**जींद।** जींद-रोहतक हाइवे पर गांव पौली के अड्डे के निकट तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पौली निवासी बलवान ने पुलिस को शिकायत दी है।

### दानपात्र चोरी के मामले में नाबालिग पकड़ा

**कैथल।** गांव कौल में मंदिर के दानपात्र चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा करते हुए गांव कौल निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोर को निरुध किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कौल निवासी धर्मबीर की शिकायत अनुसार 1 फरवरी को गांव का एक लड़का माता मदानण मंदिर के दानपात्र को चोरी कर ले गया।

### लिव इन रिलेशन में रह रही महिला लापता

**जींद।** लिव इन रिलेशन में रह रही महिला के संदिग्ध हालत में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला के साथ लिव इन में रहने वाले युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी दोस्त के साथ लिव इन रिलेशन में रहा करता था। गत नौ मार्च को वह उसके घर से संदिग्ध हालत में घर से गायब हो गई।

### पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर 4.17 लाख ठगे

**कैथल।** साइबर क्राइम पुलिस ने पर्सनल लोन के नाम पर 4 लाख 17 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव सुल्तानिया के प्रेमचंद ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 दिसंबर 2024 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने उसे पर्सनल लोन देने की बात कही।

### चिकित्सक के कमरे से सामान चोरी, केस

**जींद।** नागरिक अस्पताल में दंत चिकित्सक के कमरे से सामान गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। डा. विजेंद्र ने शिकायत में बताया कि ओपीडी ब्लॉक में 18 नं.कमरे में ओटोस्कोप चार्जिंग पर लगाया था। दो घंटे बाद देखा तो चार्जर तो था लेकिन ओटोस्कोप व हेलमेट नही था।

### मारपीट में एक युवक घायल

कैथल। लघु सचिवालय के निकट मारपीट में एक युवक घायल हो गया। गांव चंदलाना के आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 को जब एडीआर सेंटर कैथल के निकट से जा रहा था तो लखबीर चंद, गुरदयाल, गुरप्रीत, कश्मीर चंद, जरनैल सिंह रामकुमार ने मारपीट की।

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने उचाना से आरटीपीसीआर लैब जींद में लाने के लिए जगह का किया निरीक्षण

*हर हाल में 31 मार्च तक लैब को किया जाना है स्थानांतरित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

कोरोना के समय में जांच को लेकर उचाना में तैयार की आरटीपीसीआर लैब को जींद लैब में स्थापित करने को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल का दौरा किया। मौजूद कमरों के साथ लैब चलाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों की जांच की। अधिकारियों ने स्वास्थ्य स्टाफ के साथ ये देखने का काम किया कि अगर लैब को तीसरे तल पर लाया जाता है तो संक्रमण फैलने का खतरा न रहे। सफाई कार्य करवा दिया है और स्टोर के रूप में तल का प्रयोग किया जा रहा है। तकनीकि औपचारिकातओं को पूरा करने के बाद उचाना आरटीपीसीआर लैब तीसरे तल पर आ जाएगी।

**कवायद दो माह से चल रही**

डीजी हैल्थ ने आदेश दिए हैं कि 31 मार्च तक हर हाल में जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों को सभी तरह के टैस्ट एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। इस समय अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब चलाई जा रही है। जिसमें टीबी, एड्स सहित अन्य बीमारियों के टैस्ट एक ही जगह हो रहे हैं जबकि काले पीलिया, कोरोना सहित अन्य गंभीर बीमारियों के सैंपल उचाना की लैब में भेजे जाते हैं। क्योंकि कोरोना के समय में जांच को लेकर आरटीपीसीआर लैब उचाना में तैयार की थी। अब लैब को जींद स्थानांतरित करने की कवायद दो माह से चल रही है।

**लैब में सभी तरह के टेस्ट एक ही जगह होंगे**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. भोला ने बताया कि कोरोना के समय से आरटीपीसीआर लैब उचाना में ही चल रही है। डीजी हैल्थ ने निर्देश दिए थे कि सभी टेस्ट एक ही जगह हों। अब 31 मार्च तक हर हाल में उचाना की लैब को जींद लैब में लाया जाएगा ताकि एक ही लैब में सभी तरह के टेस्ट एक ही जगह हो सकें।


जींद। लैब के लिए जगह का निरीक्षण करते कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम व अन्य अधिकारी।

**जगह का किया निरीक्षण, लैब में गंभीर बीमारियों के भी टेस्ट होंगे**

डीजी हैल्थ के आदेशों पर कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, आरटीपीसीआर लैब प्रभारी डा. जेके मान ने पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल का दौरा किया। क्योंकि सबसे नीचे सभी तरह के टैस्ट किए जा रहे हैं। उचाना आरटीपीसीआर लैब के लिए यहां अतिरिक्त जगह नही है। क्योंकि इस लैब में गंभीर बीमारियों के टैस्ट होंगे। जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। डा. जेके मान का कहना है कि लैब में गंभीर बीमारियों के सैंपलों की जांच होती है। इसलिए संक्रमण फैलने का खतरा भी हर समय बना रहता है। ऐसे में लैब को तीसरे तल पर लाया जाता है तो यहां आमजन का आवागमन भी कम होगा और संक्रमण फैलने का खतरा भी कम होगा।

### अल्ट्रासाउंड मशीन और 30 हजार रुपये की नकदी बरामद

# सेहत विभाग की टीम ने किया लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़

### आरोपित ने गांव मानस में सुनार के घर पर लगाई हुई थी मशीन

*पुलिस ने योजना बनाकर गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बनाकर भेजा था*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

स्वास्थ्य विभाग कैथल और कुरुक्षेत्र की संयुक्त टीम ने शनिवार को बाद दोपहर गांव मानस से अवैध रूप से लिंग जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में आरोपी ऋषिपाल निवासी गांव कैलरम को अल्ट्रासाउंड मशीन और 30 हजार रुपये नकदी के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने योजना बनाकर एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बनाकर भेजा, जिसके बाद आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि आरोपी ऋषिपाल गांवों में गर्भवती महिलाओं के भ्रूण लिंग की जांच कर रहा है। इसके लिए वह अलग-अलग जगहों पर अल्ट्रासाउंड मशीन लगाकर चोरी-छिपे लिंग जांच का अवैध धंधा चला रहा था। आरोपी लिंग जांच के बदले महिलाओं से 30 से 40 हजार रुपए लेता था। आरोपी का नेटवर्क कैथल व आसपास के इलाकों में फैला हुआ था। गिरोह में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है महिला को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा: इस सूचना पर संयुक्त टीम ने गंभीरता से काम किया और योजना बनाई। आरोपी के पास एक गर्भवती महिला को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा गया, जिसने आरोपी से लिंग जांच के बारे में बात की। जैसे ही आरोपी ने महिला का अल्ट्रासाउंड करने के बाद लिंग के बारे में जानकारी देने की कोशिश की, टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी ने गांव मानस में चंद्र सुनार के घर पर मशीन लगाई हुई थी। आरोपी वहां महिलाओं को बुलाकर लिंग जांच करता था। इस पूरी कार्रवाई में कुरुक्षेत्र से डॉ. गौरव बंसल व डॉ. ऋषि तथा कैथल से डॉ. गौरव पूनिया व डॉ. ललित कुमार मौजूद रहे। पुलिस टीम ने घर से अल्ट्रासाउंड मशीन व 30 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।


कैथल। टीम द्वारा बरामद की अल्ट्रासाउंड मशीन। फोटो :हरिभूमि

**दूसरी बार गिरफ्तार**

जानकारी के अनुसार, आरोपी ऋषिपाल वर्ष 2016 में भी इसी तरह के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। उस समय उसके खिलाफ कलायत थाने में मुकदमा नंबर 195 दर्ज था। इसके बावजूद आरोपी ने फिर से अवैध लिंग जांच का धंधा शुरू कर दिया और महिलाओं का शोषण कर मोटी रकम वसूलने लगा।

# आग से खुंभी फार्म जलकर राख

- फार्म पर से गुजर रही बिजली लाइन का तार टूट कर गिरने से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव घिमना में शनिवार दोपहर को खुंभी फार्म के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन का तार टूट कर गिरने से पांच शेड जल कर राख हो गए। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक खुंभी फार्म के पांचों शेड जल कर राख हो चुके थे। गांव घिमाना निवासी सुंदर ने अपने खेत में खूंबी के पांच शेड बनाए हुए हैं। शनिवार दोपहर को सुंदर परिवार के 10 लोग खुंभी फार्म पर कार्य कर रहे थे। इस दौरान खुंभी फार्म शेडो के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार टूट कर शेड पर जा गिरी। जिसके चलते खुंभी फार्म में आग भड़क उठी। पराली तथा तेज हवा ने आग को तेजी से भड़काने का काम किया। खुंभी फार्म में काम कर रहे सभी व्यक्ति सुरक्षित निकालने में कामयाब हो गए और शोर मचाया। फार्म में मौजूद संसाधनों के आधार पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग लगातार फैलती चली गई और पांच शेडों को अपनी चपेट में ले लिया। खेतों में बने खुंभी फार्म में आग भड़की देख ग्रामीण भी मौके पर पहुंच कर और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग लगातार फैलती चली गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की तीन गाडिय़ां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक खुंभी के पांचों सेट जल कर राख हो चुके थे।



**लाखों का नुकसान**

खुंभी फार्म चलाने वाले किसान सुंदर ने बताया कि शेडों के ऊपर से बिजली लाइन गुजर रही है। दोपहर को अचानक बिजली की तार टूट कर खुंभी फार्म पर गिर गई। जिसके बाद पांचों शेड जल गए। इस घटना में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

**शहीद भगत सिंह चौक का उद्घाटन आज**

**जींद।** उचाना के वार्ड नंबर चार में रेलवे रोड के पास नपा द्वारा पांच लाख रुपये खर्च कर शहीद भगत सिंह चौका का निर्माण करवाया है। 23 को शहीदी दिवस पर इसका उद्घाटन भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे। अध्यक्षता नपा प्रधान विकास काला करेंगे। कई सालों से शहीद भगत सिंह के नाम से चौक बनवाने की मांग विशेषकर युवाओं द्वारा की जा रही थी। नपा द्वारा शहर के प्रमुख चौकों के नाम महापुरूषों के नाम से रखे गए है। शहीद भगत सिंह चौक की मांग की जा रही थी जिसको नगर पालिका ने पूरा करते हुए चौक का निर्माण करवाया है। नपा चेयरमैन विकास काला ने कहा कि शहीदों की शहादत की वजह से आज हम आजादी की सांस ले रहे है। शहीद भगत सिंह के नाम से चौक बनाने की मांग विशेषकर युवाओं द्वारा की जा रही थी। इस मांग को पूरा करते हुए पांच लाख रुपए खर्च करके निर्माण चौक का करवाया गया है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री इसका उद्घाटन शहीदी दिवस पर 23 मार्च का करेंगे।

**नौकरी के नाम पर 15 लाख ठगे**

**कैथल।** कैथल में एक शिक्षक ने नौकरी दिलाने के नाम पर तीन युवकों से 15 लाख रुपए ठग लिए। पैसे लेने के बाद वह उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा देता रहा। बाद में पैसे लौटाने से मना कर दिया और फोन करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव मालखेड़ी निवासी दर्शन और संदीप ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करनाल जिले के गांव पाढ़ा में उनकी रिश्तेदारी है। रिश्तेदार के जरिए उनकी जान-पहचान करनाल के राजेश से हुई। राजेश सरकारी स्कूल सेखपुरा सुहाना में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। जान-पहचान होने के बाद राजेश ने उन्हें झांसे में लेकर सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही और कहा कि उसके ऊपर तक पहुंच है और वह उन्हें सरकारी नौकरी लगवा सकता है। धोखे में आकर उन्होंने संदीप सिंह, उसके भतीजे और भतीजी की नौकरी लगवाने की एवज में सितंबर 2023 में उस व्यक्ति को 15 लाख रुपये दे दिए।

# दातासिंह वाला बार्डर बहाल होने से राहत

- बंद की वजह से घूम-घूमकर जाना पड़ता था लंबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना

नरवाना का दिल्ली पटियाला राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ बहाल वाहनों का आना-जाना हुआ सुगम दाता सिंह वाला गांव के लोगों ने ली चैन की सांस लोगों के काम धंधे बहाल काम धंधे बहाल होने से लोगों के चहेरो पर रोनक देखने को मिली। पिछले 13 माह से काम धंधे जैसे खत्म हो चुके । जब लोगों से इसके बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि वो पिछले सवा साल से परेशान थे। अब उन्हें चैन की सांस मिली है उनके मुरझाए चेहरों पर रौनक लौटी है कहा कि उनका कार बाजार खनौरी से जो करीब 5 किलोमीटर के फासले पर है। बंद की वजह से घुम घुम कर जाना पड़ता था जिससे समय ओर तेल ज्यादा खर्च होता था। नरवाना जाना भी महंगा पड़ता था। बार्डर खुलने से उनकी परेशानी काफी कम हुई है। दूसरी ओर किसान परेशान दिखाई दिएए वो भगवंत सिंह मान को कोसते हुए नजर आए वो पंजाब पुलिस को भी गालियां दे रहे कि पंजाब पुलिस के गुंडे उनका सारा सामान लूटकर ले गए। उनके नेताओं को रात के अंधेरे में गिरफ्तार कर लें गये हम उनकी क्रुरता का उचित जवाब समय आने पर देंगे पंजाब से आप सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।


नरवाना। सड़क किनारे पड़ा सामान। फोटो :हरिभूमि

# कैंटर की चपेट में आने से कार चालक की मौत

- नेशनल हाईवे 152 डी पर गांव करोड़ा के निकट हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

नेशनल हाईवे 152 डी पर गांव करोड़ा के निकट एक कार पीछे से सिलेंडरों से भरे कैंटर में पीछे से टकरा गई। हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। घटना शनिवार को सुबह करीब सात बजे की है। कार सवार दोनों युवक लालडू पंजाब के रहने वाले हैं, जो दो दिन पहले घूमने के लिए चित्तौडगढ़ राजस्थान गए थे। जब वापस लौट रहे थे और गांव करोड़ा के पास पहुंचे तो हादसा हो गया।



इसमें 26 वर्षीय दलजीत सिंह की मौत हो गई और गाड़ी का ड्राइवर गुरध्यान सिंह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूंडरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। यहां दलजीत सिंह को डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दोस्त गुरध्यान को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने गुरध्यान की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायल गुरध्यान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दलजीत उसका दोस्त है और वह लालडू में आढ़ती की दुकान पर पर काम करता था। कुछ दिन पहले उन्होंने राजस्थान घूमने का प्लान बनाया। दो दिन पहले वे राजस्थान के चित्तौडगढ़ गए। शुक्रवार-शनिवार रात को करीब साढ़े 12 बजे वहां से वापस चल पड़े। जब गांव करोड़ा के पास पहुंचे तो नेशनल हाईवे 152 डी पर सामने एक कैंटर जा रहा था। जैसे ही कार कैंटर के नजदीक पहुंची तो कैंटर ड्राइवर ने एकदम से कट मार दिया।

**मामला दर्ज**

पूंडरी थाना के जांच अधिकारी एसआई हरपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में कैंटर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तीन साल पहले शादी**

गुरध्यान ने बताया कि दलजीत परिवार में अकेला बेटा था। 2021 में उसकी शादी हो चुकी है और उसका एक बेटा है। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बहन भी है। पिता फायर ब्रिगेड से रिटायर हैं। घर की जिम्मेदारी दलजीत पर ही थी।

### चार करोड़ रुपये की राशि से तैयार किया दो मंजिला भवन

# हुडा ग्राउंड में हैफेड को जल्द मिलेगा नया भवन

- अब 60 लाख रुपये से उपकरण पूरे करने का लगाया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हुडा ग्राउंड में हैफेड को जल्द ही नया भवन मिलने की उम्मीद जगी है। भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें अब फायर की एनओसी मिलने का इंतजार है। फायर की एनओसी से पहले फायर उपकरण पूरे करने के लिए हरियाणा बोर्ड कॉरपोरेशन ने 60 लाख रुपये की राशि से टेंडर लगाया है। भवन के निर्माण पर लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए हैं ताकि अधिकारियों को भवन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

हैफेड का कार्यालय फिलहाल हांसी रोड पर औद्योगिक क्षेत्र में चला हुआ है। वहां तक आने व जाने में आमजन का काफी समय बर्बाद होता है। इस भवन के हालात भी बदहाल हैं। यहां पर कर्मचारियों के बैठकर काम करने तक की बेहतर सुविधा नहीं है। अब इन कर्मचारियों को इस भवन के तैयार होने का इंतजार लंबे समय से बना हुआ था। पिछले एक महीने पहले भवन के कंस्ट्रक्शन का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसकी फायर एनओसी मिलने का इंतजार था। इसके लिए अब हरियाणा बोर्ड कॉरपोरेशन ने 60 लाख रुपये का टेंडर लगाया है।


जींद। हैफेड का नया भवन। फोटो :हरिभूमि

**एनओसी मिलने के बाद होगा शिफ्ट**

डीएम हैफेड संदीप पूनिया ने बताया कि फायर सेफ्टी के उपकरण लगने के बाद विभाग को यह हैंडओवर होगा। इसके बाद इस भवन में कार्यालय शिफ्ट करवाया जाएगा ताकि आमजन को भी शहर से बाहर जाने में समय बर्बाद नहीं करना पड़े। फिलहाल हैफेड का जिला कार्यालय हांसी रोड पर चला हुआ है। इस भवन की हालात कंडम होने के कारण नए भवन में शिफ्ट होने का इंतजार बना है। इसकी फायर की एनओसी का टेंडर लगाया गया है।


जींद। डिपो पर लगी बसें। फोटो :हरिभूमि

**सरकारी कार्यक्रम में बस, यात्री परेशान**

**जींद।** पंचकूला में शनिवार को सरकार की ओर से जल शक्ति अभियान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जींद डिपो से 10 बस पंचकूला भेजी गई। इसमें से जींद में कैथल रोड, गांव ईगराह, पुराना बस स्टैंड जुलाना, पुराना बस स्टैंड सफीदों, गांव पाजू कलां, ऐचरा कलां, हाट, बिटानी, पिल्लूखेड़ा मंडी, शामदो, मांडी कलां, कहसून, उचाना मंडी, नरवाना रेस्ट हाउस, बडनपुर, गुरुद्वारा धमतान साहिब और गांव हथो बस रवाना हुई। वहीं घरौंडा में 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय मेगा सब्जी एक्सपो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भी जींद डिपो से बस भेजी जा रही हैं। 21 और 22 मार्च को चार-चार बस घरौंडा गई। वहीं 23 मार्च को पांच बस जींद से घरौंडा कार्यक्रम में जाएंगी। 23 मार्च को एक बस राजपुरा भैण, एक बस सफीदों, सिंगवाल, सुदकैन और शाहपुर से बस रवाना होंगी।

## खबर संक्षेप

### हिंदू कन्या कालेज में कार्यशाला आयोजित

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय कुटीर उद्योग से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक, आर्थिक एवं कौशल विकास रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा तथा संयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. सुषमा हुड्डा द्वारा किया गया।

### एसबीएम स्कूल में कार्यक्रम आज

**जींद।** काकड़ोद गांव के एसबीएम पब्लिक स्कूल में रविवार को कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे तो अध्यक्षता सरपंच अशोक कुमार करेंगे। स्कूल एमडी मा. सुनील कुमार, डा. संजय ने बताया कि आमंत्रित कलाकार के तौर पर संदीप शर्मा साहिल पहुंचेंगे।

### 33 केवी पॉवर हाउस में मेंटनेंस का कार्य आज

**जींद।** उचाना में रविवार को 33केवी पॉवर हाउस उचाना में मासिक मेंटनेंस का कार्य सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक होगा। कार्य के चलते सभी फीडर बंद रहेंगे। एसडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि 33केवी उचाना पॉवर हाउस से चलने वाले नागरिक अस्पताल, उचाना मंडी, जेटीएल, उचाना कलां डीएस, बड़ौदा, उचाना कलां एपी की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### खेतों में लगे बिजली के तीन ट्रांसफार्मर चोरी

जींद। गांव सिवाना माल में बीती रात चोरों ने खेतों से तीन बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सिवाना मल निवासी किसान इंद्र सिंह, सुभाष और कृष्ण के खेतों में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर चोरी हो गए।

### हमला कर तीन लोगों को किया घायल, केस

**जींद।** रामराय गेट पर रंजिश के चलते हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने छह युवकों को नामजदकर चार अन्य के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाल्मीकि बस्ती निवासी अश्वनी ने दी शिकायत में बताया कि रात को दुकान से सामान लेने के लिए गया था। वहा चार पांच बाइकों पर सवार होकर मोहल्ले के प्रवेश, कार्तिक, आयुष, राहुल , अरमान, विशाल व अन्य तीन-चार लड़के आए।

### जीएसटी रजिस्ट्रेशन देरी से जारी करने पर रोष

**जींद।** स्थानीय आयकर एवं जीएसटी सलाहाकार जिले सिंह जागलान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जायब सैनी व राज्य बिक्री कर आयुक्त को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि जो व्यापारी जीएसटी अधिनियम 2017 के तहत अपना व्यापार बढाने के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग मे आवेदन करते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा बेतुके एतराज लगाकर कई महीनों बाद जारी किया जाता है।

### शहीदों को शहीदी का दर्ज दिया जाने की मांग उठाई

**जींद।** शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के प्रदेश कार्यकारी प्रधान अनूप लाठर ने केंद्र और राज्य सरकारों से शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जो 23 मार्च 1931 को राष्ट्र की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूलकर अपने प्राणों की कुर्बानी दे गएए उन्हें सरकारी तौर पर शहीदी का दर्ज दिया जाए।

### छात्रों को गतिविधि में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्या के दिशा निर्देशानुसार हिंदी विभाग व हिंदी सोसाइटी कल्ब के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजिता सुमन खटक ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या वीना बहल ने भाग लिया।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने सुनी समस्याएं

# आमजन की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें : बेदी

### धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में होता है सौहार्द का वातावरण पैदा : कैबिनेट कृष्ण कुमार बेदी

### गांव ढाबी टेकचंद में आयोजित संत निरंकारी समागम में की शिरकत


हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि संत निरंकारी समागम जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समागम समाज में सौहार्द का वातावरण पैदा होता है और इससे भाईचारे का संदेश मिलता है। ऐसे कार्यक्रम समाज को को नई दिशा देने का काम करते है। समाज का मनोबल बढ़ता है। समाज में एकता, अखंडता और समरसता की भावना बढ़ती है।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को गांव ढाबी टेक चंद में वाल्मीकि चौपाल में आयोजित संत निरंकारी समागम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस परमात्मा की भक्ति और पूजा संसार में सदियों से की जा रही हैए उस ईश्वर को सतगुरु के माध्यम से पहचाना जा सकता है। संत निरंकारी मिशन प्रेम और भाईचारे का मिशन है और सदैव मानवता के कल्याण के लिए तत्पर है। इस तरह के कार्यक्रम समाज में शांति एवं भाईचारे का संदेश मिलता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक रमन नागपाल, संयोजक महात्मा रोशनलाल आदि मौजूद रहे।

आमजन की समस्याओं का निराकरण करें अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर : बेदी

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें। आमजन के कार्य को अपने निजी कार्य समझकर उसका निपटान करें। किसी भी व्यक्ति का कार्य नहीं रुकना चाहिए। अगर किसी समस्या को दूर करने में कोई तकनीकी बाधा है तो संबंधित व्यक्ति को समझाएं ताकि उसकी समस्या का हल हो सके। मंत्री बेदी शनिवार को नरवाना अपने निवास पर पहुंचे स्वजनों की सेवा में उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के का संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए सदैव आमजन के साथ खड़े हैं। किसी भी आमजन को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



**जींद।** संत निरंकारी समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेदी।



**जींद।** समस्याएं सुनते हुए मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

#### युवाओं को मैरिट के आधार पर रोजगार

आमजन की खुशी और संतोष ही मेरी प्रेरणा है। नरवाना हलका में किसी भी तरह के विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। आने वाले कुछ सालों में नरवाना हलका हरियाणा में अपनी अलग पहचान बनाकर उभरेगा। विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। बेदी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हरियाणा अग्रणी राज्यों में शुमार है। प्रदेश के युवाओं को मैरिट के आधार पर रोजगार मिल रहा है। प्रदेश के पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नही है। सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर लागू की जा रही है।



**जींद।** जर्जर हालात में बिशनपुरा रेलवे स्टेशन।

## बिशनपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं की मांग उठाई

- सुविधाओं की मांग करते रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट घनश्याम गोयल ने बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं की मांग करते हुए रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा है। साथ ही डीसी मोहम्मद इमरान रजा को भी पत्र भेज कर अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया गया है।

एडवोकेट घनश्याम गोयल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री ट्रेन पकड़ते हैं। इनके लिए सुविधाएं नहीं हैं। यहां ऑटो व अन्य वाहनों की पहुंच सुगम होनी चाहिए। इससे आसपास के शहरी क्षेत्र से भी लोग मुख्य जंक्शन की बजाय यात्री बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से ही ट्रेन पकड़ सकते हैं। इससे रेलवे को भी लाभ होगा। स्टेशन रेलवे फाटक के पास सड़क बनी हुई है। यह उबड़ खबड़ है। इसको ठीक किया जाए। इससे यहां यात्री चल नही पाते हैं। यदि कोई यात्री को बाइक पर छोडऩे आता है तो यहां गिरने का डर रहता है। सड़क के साथ में गहरी खाई बनी हुई है। इससे अंधेरे में हादसा हो सकता है। सड़क के साथ ही कंटीली झाडियां भी उगी हुई हैं। इससे सफाई भी नहीं रहती। रेलवे स्टेशन की इस सड्क़ पर रोशनी का भी प्रबंध नही है। यात्री ट्रेन पकडऩे के लिए रात को या सुबह जल्दी जाता है तो उसे असुविधा होती है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जाएं। स्टेशन के प्लेटफार्म भी बहुत नीचे व कच्चे हैं। इससे यात्रियों को ट्रेन से उतरने व चढऩे में काफी दिक्कत आती है। यात्रियों की भीड़ अधिक होने कुछ यात्री ट्रेन नहीं पकड़ पाते। यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे पर आने के लिए रास्ता नहीं है। बची में माल गाड़ी खड़ी होने पर यात्रियों को परेशानी होती है।

### जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना जरूरी

**जींद ।** पहला कदम फाउंडेशन द्वारा विश्व जल दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। राजेश वशिष्ठ ने बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को बताया कि रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून। जीवन के लिए हवा के बाद सबसे महत्वपूर्ण है पानी है। पानी हमारी जिंदगी का आधार है। पीने के अलावा खाना बनाने, नहाने, खेती करने और फैक्ट्रियों को चलाने तक हर चीज के लिए पानी चाहिए। आज दुनिया में पानी की कमी एक बड़ी समस्या बन रही है। अगर हम इसे नहीं बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।




**जींद।** जल बचाने का संदेश देते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*



**नरवाना।** पौधे लगाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### धमतान साहिब गुरुद्वारा में लगाए पौधे

**नरवाना।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए धमतान साहिब गुरुद्वारा में बड़ , पीपल, नीम बेलपत्र पारिजात एवं कड़ी पत्ता प्रजाति के पौधों का प्रत्यारोपण किया गया है। आमजन मानस में प्रकृति में संस्कृति मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करते जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जीवन शैली में जल वायु भूमि एवं अन्य पर्यावरणीय अपघटको की सुचिता के लिए हवन के साथ पौधारोपण एवं संवर्धन करना चाहिए। वर्तमान में गिरते सामाजिक मूल्यों के कारण प्रकृति का भी ह्रास हो रहा है। दिन प्रतिदिन चारों तरफ समाज में फैली अराजकता का मूल कारण पर्यावरणीय प्रदुषित प्रभाव है। लगभग प्रत्येक घर में पानी के आपूर्ति के लिए पोली विनाइल क्लोराइड की पाईप एवं टंकियां का प्रयोग किया जा रहा है।

### लिंगानुपात जागरूकता अभियान चलाया

**नरवाना।** दबलैन में आज एक विशेष कार्यक्रम के तहत लिंगानुपात जागरूकता अभियान एवं कुआं पूजन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सुपरवाइजर सुमन नरवाना फस्ट ने की जिसमें गांव की महिलाओं और बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कुआं पूजन का महत्व और आयोजन के बारे बताया। गांव में जल संरक्षण और शुद्ध जल की महत्ता को दर्शाने के लिए कुआं पूजन विधि.विधान से किया । महिलाओं ने पारंपरिक रीति.रिवाजों के अनुसार पूजा.अर्चना की और कुएं की परिक्रमा करते मंगल गीत गाए। इस अवसर पर पुष्पा, शशि, बिमला, सरोज, सावित्री, रानी सहित कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। सुपरवाइजर सुमन ने कहाए जिस तरह जल हमारे जीवन के लिए जरूरी है उसी तरह समाज में बेटियों का सम्मान और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।




**नरवाना।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**जुलाना।** बुआना में लड़की के जन्म पर कुंआ पुजन करते महिलाएं।

### लड़की के जन्म पर करवाया भोज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बुआना गांव में लड़की के जन्म पर कुआं पुजन किया गया। कार्यक्रम में ढोल नंगाड़ों के साथ खुशी मनाई गई और पूरे गांव को भोज करवाया गया। लड़की के पिता आशीष ने बताया कि उनका परिवार लड़का और लड़की में कोई फर्क नही मानता। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। लड़की की माता आशा ने बताया कि लड़कियां एक नही बल्कि दो घरों का नाम रोशन करती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर सुमन ने कहा कि अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज में लड़कियों के बिना कुछ नही है। चाहे खेल का मैदान हो या शिक्षा, हर जगह लड़कियां लड़कों से आगे हैं। हमें लड़कियों की परवरिश लड़कों की तरह करनी चाहिए। आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता, मंजू, सरोज, इशवंती, बिमला आदि मौजूद रही।




**जींद।** युवा संसद में प्रस्तुति देते छात्रा। *फोटो :हरिभूमि*

### विकसित भारत युवा संसद का समापन

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में विकसित भारत युवा संसद 2025 का सफल समापन हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। प्राचार्य ने विकसित भारत युवा संसद को 1893 के विश्व धर्म संसद के संदर्भ में रखते कहा कि जिस तरह स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से भारत की संस्कृति को विश्व में गौरवान्वित किया। उसी तरह हमें आज के युवाओं में नेतृत्व क्षमता और वैचारिक दृढ़ता को पहचान कर उन्हें अवसर देने की जरूरत है। विकसित भारत युवा संसद इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को अपने विचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करता है। आयोजन समिति में डीईओ सुमित्रा देवी, राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य अनिल , पीआईजी रा. महिला कालेज के प्राचार्य जेएन गहलावत का योगदान रहा।

## शिविर में 57 युवाओं ने किया रक्तदान

- करसोला में शहीदी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गांव करसोला में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर डा. राजबीर सिंह मैमोरियल एजुकेशन समिति द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत बंसीगिरी ने की। कार्यक्रम में 65वीं बार रक्तदान करने वाले सतपाल कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्हें बताया कि रक्तदान पुण्य का काम है। हम रक्तदान करके किसी भी अनजान व्यक्ति की जान बचाते हैं। युवाओं में जोश देखने को मिला। रक्तदान शिविर में 57 युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर डा. राजबीर सिंह मैमोरियल शिक्षा व समाज कल्याण समिति के सचिव एडवोकेट परमजीत लाठर मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं को बैज लगाकर हौंसला बढ़ाया और इस नेक कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया। रक्तदान शिविर में सहयोग करने वाली संस्था चंद्रशेखर आजाद युवा क्लब करसोला के प्रधान अजीत लाठर ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। हमें साल में कम से कम चार बार रक्तदान करना चाहिए। इससे हमारा भी शरीर स्वास्थ्य रहता है। ब्लड प्रेशर, पाचन आदि की बीमारियां ठीक होती हैं।



**जुलाना।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### टीनेज में बदलाव की जानकारी दी

**जींद।** प्रधानाचार्य कोमा रानी के नेतृत्व में शनिवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नगूरां में बच्चों को फस्टएड, कृषि प्रबंधन, शारीरिक स्वच्छता, टीनेज में बदलाव की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फस्टएड की जानकारी मास्टर ट्रेनर राममेहर ने दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि दुर्घटना होने पर रक्तस्राव रोकने के लिए फस्टएड देना जरूरी है ताकि उसका जीवन बचाया जाए। कृषि विभाग से एसडीओ बलजीत ने कृषि प्रबंधन, जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि केंचुआ खाद से जो फसल उगाएंगे वो हमारे शरीर के लिए लाभप्रद होगी। सामान्य अस्पताल जींद से हेल्थ काउंसलर डा. सुषमा ने शारीरिक स्वच्छता, टीनेज मे बदलाव की जानकारी दी।

## मोतीलाल नेहरू स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस समारोह

# विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

- विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ अपनी परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकित चहल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के नृत्य संगीत, नाटक, स्वागत भाषण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यअतिथि ने सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की सराहना की और उनसे उनके जीवन के लक्ष्य के विषय में वार्तालाप की। स्कूल के टॉपर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बेहतर अंकों के लिए बच्चों की सराहना की और सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। अतिरिक्त छात्रों को बहुमुखी, सर्वोच्च उपस्थिति पुरस्कार, शैक्षिक सुधार, खेल पुरस्कार, कला और शिल्प, सांस्कृतिक पुरस्कार, गायन, स्वच्छता पुरस्कार, वर्दी, टीम भावना आदि पुरस्कार वितरण किए गए।




**जींद।** अच्छा परिणाम लाने वाले बच्चे मुख्यातिथि के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

#### शिक्षण पद्धति की सराहना

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि स्कूल में बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ साथ संवेदनात्मक एवं भावनात्मक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है और कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को एनडीए, यूपीएससी, जेईं मेंस, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और साथ ही विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना करते कहा कि स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता देता आया है और साथ ही सभी अभिभावकों को खेल अकादमी के विस्तार के बारे में अवगत करवाया।



**जींद।** प्रभु सिमरन करते महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

### श्रद्धालुओं ने किया प्रभु सिमरन

**जींद।** नई अनाज मंडी के सामने कला धाम मंदिर में ऋषि सुखदेव महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय आनंद कला महोत्सव शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दिव्य आनंद अनुभूति सत्संग व प्रवचन समारोह का आयोजन किया गया। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि इस अनमोल कीमती मानव जीवन में प्रभु प्रेम को प्राप्त करना और उस सच्चे प्रेम को संसार के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना ही सफलता की असली कुंजी है। सच्चा प्रेम कोई एक या दो व्यक्तियों का प्रेम नही बल्कि प्रभु के सच्चे प्रेम की तो कोई सीमा ही नही है। वह तो इतना विशाल और महान है कि सारे विश्व में भी अगर बांट दिया जाए तो वह उतना ही ज्यादा बढ़ता जाएगा लेकिन फिर भी सारा संसार सच्चे प्रेम के लिए तरस रहा है कि मुझे कोई तो सच्चा प्रेम करें। सत्य तो ये है कि सच्चा प्रेम तब तक प्रकट नहीं होता। जब तक हम उसे बांटना शुरू नहीं करते। इंसान तो सारा जीवन दूसरों से ही लेने की इच्छा रखता है।

## खबर संक्षेप

### डंडों से मारपीट कर युवक को किया घायल

**कैथल।** गांव मटौर में दो युवकों ने मिलकर लाठी और डंडों से मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया। मटौर के राकेश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 मार्च को गांव के ही राहुल और सुरेश ने मिलकर उसे पर डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धाम भी दी। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मनदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूजा के लिए गई महिला से लाखों के कंगन छीने

**कैथल।** कैथल के माता गेट मंदिर के निकट से बदमाश एक महिला के लाखों के सोने के कंगन छीन कर फरार हो गए। कैथल के सेक्टर हुदा 20 की अंगूरी देवी ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह 21 मार्च को सायं करीब 7:00 बजे कैथल के माता गेट स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। जैसे ही वह पूजा अर्चना के बाद वापस आ रही थी तो अज्ञात युवा के उसके सोने के कंगन छीन कर फरार हो गए।

### सत्यवान सर्वसम्मति से बने अनाज मंडी प्रधान

**पाई।** शनिवार को पाई अनाज मंडी के आढ़तियों की एक बैठक हुई, जिसमें सत्यवान ढुल को सर्व सम्मति से पाई अनाज मंडी का वर्ष 2025 -26 के लिए प्रधान चुन लिया गया। सबसे पहले पुर्व प्रधान कृष्ण ढुल ने पिछले साल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और उसके बाद प्रधान पद से इस्तीफा दिया। बैठक में आगामी वर्ष के लिए आढ़तियों में आपस में विचार-विमर्श किया गया। विचार विमर्श के बाद सत्यवान ढुल को आगामी वर्ष 2025- 26 के लिए प्रधान चुन लिया गया। आढ़तियों द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी पर सत्यवान ने स्वीकार कर लिया और कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### छात्रों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किए

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के चार छात्रों ने गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर के अर्थशास्त्र एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित आईसीएसएसआर प्रायोजित और डीजीएचई अनुमोदित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का मुख्य विषय था वैज्ञानिक नवाचार, प्रौद्योगिकी और आर्थिक अंतः क्रियाः भारत में सतत भविष्य के लिए। राजीव,जो अर्थशास्त्र में यूजी मेजर के छात्र हैं, ने भारत में सतत कृषि के लिए डिजिटल खेती की जरूरत विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

### नवोदय स्कूल के छात्रों को सीखाया नवाचार

**कैथल।** पी.एम.श्री.नवोदय विद्यालय तितरम कैथल में प्रधानाचार्या डॉ सुचिता गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति,2020 के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों को डिजिटल ई-कंटेंट,स्टिक पपेट्स तथा खेल-खेल में भाषा सीखने-सिखाने का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक शिक्षण-अधिगम प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया।

### परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**पूंडरी।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें करनाल में 23 मार्च को होने वाले अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान रमेश जिंदल, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति डा. सुभाष बंसल व संदीप गर्ग ने बताया कि परिचय सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब तक 640 युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया है। बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए मौके पर 3 ऑफिस बनाए गए हैं, जहां युवक-युवतियां अपने फार्म भर सकते हैं। सम्मेलन वैश्य समाज के युवक-युवतियों के लिए अच्छा अवसर होगा, वे अपने जीवनसाथी की तलाश कर सकते हैं। सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन करनाल में प्रात 9 बजे से किया जाएगा। बताया कि सम्मेलन वैश्य समाज के युवक-युवतियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा।

### विश्व जल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

# भाषण प्रतियोगिता में अमन प्रथम, अन्नपूर्णा द्वितीय व सौरभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

■ विद्यार्थियों से जल संरक्षण में भूमिका निभाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल


जींद। विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार और प्रधानाचार्या सुचिता गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल संरक्षण की आवश्यकता और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या सुचिता गुप्ता ने की तथा मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से विनय गर्ग, रिसोर्स पर्सन के रूप में पावर ग्रिड कैथल के उप-महाप्रबंधक मुनीष गुप्ता, तथा डीएसपी कलायत ललित कुमार ने भी शिरकत की। प्रतियोगिताओं के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में अमन प्रथम, अन्नपूर्णा द्वितीय, एवं सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में योगिता प्रथम, शिवानी द्वितीय, एवं आकाश तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई। जल संरक्षण के लिए 5 आर का मंत्र मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने विश्व जल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण के पाँच आर (5फ) की अवधारणा को समझायाः 1. रिड्यूस (कम करना) जल की बबार्दी को रोकें। 2. रीयूज (पुनः उपयोग) जल का दोबारा उपयोग करें। 3. रीसाइकिल (पुनर्चक्रण) जल शुद्धिकरण और पुनर्चक्रण को अपनाएं 4. रिस्पेक्ट (सम्मान) जल का महत्व समझें और दूसरों को भी जागरूक करें। 5. रिचार्ज (पुनर्भरण) वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण करें। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन विनय गर्ग (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने विद्यार्थियों से जल संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। मुनीष गुप्ता (पावर ग्रिड कैथल) ने बिजली बचत और उसके जल संरक्षण से जुड़े प्रभावों पर चर्चा की। डीएसपी ललित कुमार ने यातायात नियमों और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को समझाया।

प्रधानाचार्या सुचिता गुप्ता ने विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से आश्वासन दिया कि वे जल संरक्षण के इस अभियान में अपनी सार्थक भूमिका निभाएंगे।

## कन्या कॉलेज में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम


पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेती हुई महाविद्यालय की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज में इको क्लब द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों, ग्लेशियरों के पिघलने और इसके पारिस्थितिकीय असंतुलन पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अमिता राणा ने की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों के संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता पर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं की संभावना बढ़ जाएगी। इको क्लब की समन्वयिका डॉ अनु ने छात्राओं को

कहा कि जलवायु परिवर्तन आज की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है और छात्रों को इसके प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। यह कार्यक्रम उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति अधिक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।



कैथल। जल संरक्षण को लेकर रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद




विश्व जल दिवस पर विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल के एयर विंग कैडेट्स द्वारा राजौंद में रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने जल संरक्षण के महत्व बारे लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया। इस नाटक में जल के महत्व और इसके संरक्षण के तरीकों को दशार्या गया। रैली के दौरान कैडेट्स ने जल संरक्षण के संदेश को फैलाने के लिए नारे लगाए और बैनर्स का उपयोग किया। कार्यक्रम में नगरपालिका सदस्य विशाल राणा के साथ साथ अनेक स्थानीय लोग भी शामिल हुए।यह कार्यक्रम जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा और लोगों को जल के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। विद्यालय में ए एन ओ अमरपाल द्वारा तैयार कैडेट्स ने लगातार दो दिन जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें प्रथम दिवस पर थीम आधारित रंगोली, भाषण व कविता प्रतियोगिता तथा दूसरे दिन रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जल दिवस पर प्रधानाचार्य रूप कृष्ण भट ने सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को जल का महत्व बताया।विद्यालय प्रबंधक मोहिंदर श्योकंद ने समझाया कि हम सभी ने अपने स्तर पर जल संरक्षण को अपनाना जरूरी है। इस दौरान उप प्रधानाचार्या गीता मुख्याध्यापिका ललिता, समन्वयक राजेश भार्गव, प्रीति धमीजा, हरविंद्र सिंह व विशाल मौजूद रहे।

## आज के युवा शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लें : डा. हरिंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल


शहीदी दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व विद्यार्थी।

आरकेएसडी कॉलेज के सांयकालीन सत्र द्वारा शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर इतिहास विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता और इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ आशा एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम की संयोजक डॉ. आशा ने भगत सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बहुमूल्य योगदान का उल्लेख किया।

इस कार्यक्रम में छात्र सलोनी, रिया और सान्या ने अपने भाषण द्वारा भगत सिंह और उनके अन्य साथियों के जीवन पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिए गए योगदान को विद्यार्थियों से अवगत करवाया। छात्र प्रिंस ने भगत सिंह का सुंदर पोस्टर बनाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ हरिंदर गुप्ता ने बताया कि आज के युवा को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए और यदि वह उनके जीवन से एक प्रतिशत भी शिक्षा ग्रहण कर सकें तो भी वह नशे से दूर रहकर देश सेवा कर सकते हैं।

## डीएवी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

■ उदेद्श्य छात्रों को डिजीटल संसाधनों की जानकारी देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी


सेमिनार में संबोधित करती पुस्तकालय विभाग अध्यक्ष डॉ. सिमरजीत कौर।

डीएवी कॉलेज में पुस्तकालय विभाग द्वारा एक दिवसीय सैमिनार आयोजित किया गया जिसका विषय नैशनल डिजिटिल पुस्तकालय* जागरूकता एवं उपयोग था। सैमिनार में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सैमिनार का उदेद्श्य विद्यार्थियों को डिजीटल संसाधनों की जानकारी देना था। सैमिनार की मुख्य वक्ता तथा संयोजिका पुस्तकालय विभाग अध्यक्ष डॉ. सिमरजीत कौर ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों तक ही सीमित नहीं रह गया है बल्कि यह ज्ञान व अनुसंधान का केंद्र बन चुका है, जिसमें पारंपरिक संसाधनो के अतिरिक्त डिजीटल संसाधनों का उपयोग भी किया जाता है। राष्ट्रीय डिजीटल पुस्तकालय एक ऐसा प्लेटफार्म है, जिसमें छात्र हजारों डिजीटल संसाधनों तक अपनी पहुंच बिना किसी व्यय के कर रकते है। नैशनल डिजीटल लाईब्रेरी में सदस्यता प्राप्त करने की प्रकिया की जानकारी देते हुए उन्होंने हैंडस-आन ट्रेनिंग देते हुए विभिन्न स्त्रोंतो तक पहुंचने का व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया। सैमिनार में भाग लेने वाले लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस आयोजन से उन्हें पुस्तकालय सेवाओं और डिजीटल संसाधनों की महश्रा का पता चला। डॉ. विकास कुमार आदि मौजूद रहे।


राजौंद। दुर्गा मंदिर में नवरात्रों को लेकर चल रही तैयारियां।

### नवरात्र पर्व की तैयारियां जोरों पर

**राजौंद।** नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोरों पर चली हुई है। हर मंदिर में नवरात्रों को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है।आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि नवरात्रे 30 मार्च से शुरू हो रहे है। आचार्य ने बताया की वैसे तो भारत वर्ष में सभी पर्वों की विशेष पूजा होती है,परंतु नवरात्रों की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रों के दौरान की गई पूजा से भगतों को मां दुर्गा भवानी मन वांछित फल प्रदान करती है तथा भगतों द्वारा की गई पूजा आराधना से प्रसन्न होकर मां भगवती उनके कष्टों का हरण करती है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में नवरात्रे पर्व चार बार आते हैं, जिसमें दो बार गुप्त तथा दो बार खुले नवरात्रों की पूजा की जाती है। नौ दिन तक मां भगवती के अलग-अलग रूपों की पूजा कर व्रत रखने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर अपने श्रद्धालुओं को विशेष फल देती है।

## कर्नल पुष्पेंद्र के समर्थन में पूर्व सैनिक पटियाला पहुंचे : जगजीत फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल


कर्नल पुष्पेंद्र के समर्थन में प्रदर्शन करते पूर्व सैनिक

13 और 14 मार्च की रात को पंजाब पुलिस के द्वारा पटियाला में कर्नल (सेवारत) पुष्पेंद्र सिंह बाठ और उन के पुत्र अंगद सिंह की बर्बरता पूरक पिटाई की । सेना के उच्च अधिकारी व उनके पुत्र की पिटाई के बाद भी पटियाला पुलिस द्वारा कर्नल साहब की पत्नी को एनकाउंटर करने तक की धमकी दी गई पुलिस के अधिकारी यही नहीं रुके। उन्होंने सेना के इस उच्च अधिकारी के आई कार्ड और फोन तक छीन लिए गये। फोन के अंदर सेना के उच्च स्तरीय डाटे भी फीड थे। जो की एक बहुत ही बड़ा क्राइम है। इस बहुत ही घिनौनी हरकत के विरोध में पंजाब देश भर से पूर्व सैनिकों के साथ साथ कई प्रदेशों से पूर्व सैनिक पटियाला के लघु सचिवालय के सामने हजारों की संख्या में इकट्ठे हुए और रोष प्रदर्शन किया। इसमें सबसे बड़ी मांग। घटनाक्रम में जो भी पुलिस कर्मी शामिल थे उन पर एफआईआर दर्ज हो और जो उच्च अधिकारी इन की मदद कर रहे हैं। उन का तबादला किया जाए और सबसे बड़ी मांग सी बी आई जांच की जाए क्योंकि पुलिस ने अभी तक बहुत बार ऐसी घटनाओ को इन्जाम दिया है लेकिन अभी तो सारी हदें पार करके सेवारत कर्नल साहब को भी नहीं छोड़ा। इसको देखते हुए हजारों की संख्या में आज पूर्व सैनिकों ने एकत्रित हो कर रोष प्रदर्शन किया और कर्नल पुष्पेंद्र के परिवार को सभी ने उनकी लड़ाई में मिलकर साथ देने का आश्वासन दिया।


पूंडरी। भाजपा नेता अशोक गुर्जर के साथ नवनियुक्त पार्षदगण।

### क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की

**पूंडरी।** पूंडरी के नवनिर्वाचित पार्षदगण ने भाजपा नेता अमित सैनी के साथ आकर आगामी विषयों पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुज्जर से शिष्टाचार भेंट की। नवनिर्वाचित पार्षदगण ने अशोक गुर्जर के साथ आगामी विकास परियोजनाओं और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। अशोक गुर्जर ने कहा कि नवनिर्वाचित पार्षदगण के साथ मिलकर हम पूंडरी के विकास के लिए काम करेंगे। अशोक गुर्जर ने नवनिर्वाचित पार्षदगण को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह उनके साथ मिलकर पूंडरी के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। अशोक गुर्जर ने कहा कि पूंडरी के विकास के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पार्षदगण के साथ मिलकर पूंडरी को एक आदर्श नगर बनाने के लिए काम करेंगे।

### दुर्गा मंदिर में शीतला सप्तमी के पर्व पर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

# श्रद्धालुओं ने पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद





दुर्गा मंदिर में शीतला सप्तमी के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। सुबह तीन बजे शुरू हुआ यह मेला दोपहर 12 बजे तक चलता रहा। मेले में सभी बिरादरी के लोगों ने पहुंचकर माता शीतला की पूजा अर्चना की। भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां शीतला कि पूजा.अर्चना कर अपने अपने परिवार कि सुख.समृद्धि के लिए मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हुई। उन्होंने अपने बच्चों के मुंडन भी करवाए। राजौंद के जो लोग अन्य शहरों में रह रहे हैं वह भी इस दिन शीतला माता के मंदिर में पूजा करने आवश्य पहुंचते है। इस त्यौहार को बासड़ों के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दिन पहले बनाए गए खाद्य पदार्थ सुबह मंदिर में चढ़ाकर पूजा करते है। जिन लोगों की मन्नत पूरी होती है वह लोग इस दिन अपने बच्चों का मुंडन भी करवाते है। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र भनोट, हरिपाल कौशल, राजेश शर्मा,सतपाल मित्तल,सुरेश कुमार, सतपाल शर्मा, जयदेव, मनोज,मनी राम,सतीश छबड़ा, राहुल छाबड़ा, बीरा, रवि कुमार, सुमीत कुमार,काला, सुनील दीक्षित, निरंजन,कीमती लाल, मनमोहन शर्मा, पंडित रामपाल, नरेंद्र पाल, शुभम शर्मा, रमेश कुमार, सहित सबका भरपूर सहयोग रहा।


सांग महोत्सव में अव्वल रहे टीम को सम्मानित करते पदाधिकारी व अन्य।

### रत्नावली सांग महोत्सव का आयोजन

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के द्वारा करवाए जा रहे रत्नावली सांग महोत्सव में विभिन्न चार जोन में अलग अलग दिन सांग का मंचन किया जा रहा है। करनाल, अम्बाला, यमुनानगर एवं कुरूक्षेत्र जोन में किए जा रहे आयोजन में आज इंदिरा गांधी महाविद्यालय लाडवा के तहत गांव बुड्ढा में राजा हरिश्चन्द्र सांग का मंचन किया गया। उद्धघाटन विवि के कुलपति डॉ सोमनाथ सचदेवा ने किया। उनके साथ इंदिरा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुशलपाल, आरकेआरकेएसडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्यबीर मैहला, सांस्कृतिक विधाओं के संयोजक डॉ अशोक अत्रि, सांग डायरेक्टर डॉ राजीव शर्मा भी उपस्थित रहे। कुलपति महोदय ने सांस्कृतिक विधाओं में महाविद्यालय के योगदान की प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इसी तरह के योगदान की आशा जताई।

## खबर संक्षेप



### प्रतियोगिता में अनीता ने प्रथम अंजलि द्वितीय

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में भूगोल विभाग के द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जल का संरक्षण महत्व और प्रबंधन विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वीना कुमारी ने की तथा संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष चांदराम ने किया। भूगोल के सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई।

### अग्निवीर में चयनितों सूची हुई जारी

**जींद ।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि मुख्यालय भर्ती कार्यालय अंबाला द्वारा आयोजित अग्निवीर जनरल ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) श्रेणी की भर्ती रैली में चयनित उम्मीदवारों की सूची डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू.ज्वायन इंडियन आर्मी.निक.इन वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली की छात्राओं ने राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेम वर्क के तहत चल रहे बैंकिंग ओर आईटी कौशल प्रोग्राम के तहत 4 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग हारट्रोन स्किल सेंटर ओर हाइटेक कंप्यूटर सेंटर से करवाई। छात्रा खुशी,तमन्ना,काजल,रमन ओर महक ने बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

### आठवीं के हिंदी के प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न

**नरवाना।** कक्षा 8 की वार्षिक आकलन परीक्षा 2025 में हिंदी विषय के प्रश्न पत्र में बहुत सी खामियां नजर आई जिसके चलते प्रश्न पत्र को हल करने में बच्चे असहज दिखे। बच्चे पूरे वर्ष जिस पाठ्यक्रम को पढ़ते रहे प्रश्न पत्र में उससे बाहर से भी प्रश्न पूछे गए। कक्षा आठवीं के हिंदी विषय में बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में तीन पुस्तकें मुख्य रूप से पढ़ाई जाती है. बसंत भाग.3ए पूरक पुस्तक .भारत की खोज तथा नैतिक शिक्षा। इस प्रश्न पत्र में पूरक पुस्तक भारत की खोज से तो एक भी प्रश्न नहीं पूछा गया। हिंदी विषय के कक्षा छठी के प्रश्न पत्र में भी देखी गई थी।

---

*प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले का किया स्वागत*

# गन कल्चर गानों के खिलाफ एकजुट हुई खाप पंचायतें

■ जिन गानों से हरियाणवी संस्कृति धूमिल हो रही है, उन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए : संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकार द्वारा गन कल्चर गानों पर प्रतिबंध लगाने जैसे फैसलों का खाप पंचायतों ने स्वागत किया है। इससे बच्चों की सकारात्मक सोच बढ़ेगी। कंडेला खाप पंचायत के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू व जुलाना बाराह के प्रधान बसाऊ राम लाठर ने संयुक्त रूप से कहा कि गन कल्चर गानों पर पाबंदी के साथ-साथ अश्लीलता परोसी जा रही है। गानों के माध्यम से उन गानों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जो घर बैठ कर गानों को कोई परिवार सुन नही सकता है।

माजरा खाप प्रवक्ता समुद्र सिंह फोर ने कहा कि सरकार एक ही कलाकार के गानों पर प्रतिबंध ना लगाते हुए सभी कलाकारों के गंदे व गन कल्चर संबंधित सभी गानों पर प्रतिबंध लगाए। चाहे कोई भी कलाकार हो, गंदा गाने की किसी को अनुमति नही होनी चाहिए। गंदा गाने वाले कलाकारों को लताड़ते हुए खापों ने कहा कि ऐसे गाने बनाए ही क्यों जा रहे हैं, जिन्हें घर बैठ कर एकसाथ देखा नही जा सकता है। कलाकार समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं। गंदे गाने से हरियाणवी संस्कृति धूमिल हो रही है।



जींद। पूनिया खाप प्रवक्ता जितेंद्र छात्तर विचार विमर्श करते हुए।

पूनिया खाप प्रवक्ता जितेंद्र छात्तर, सहरावत खाप के प्रवक्ता महेंद्र सिंह ने कहा कि जिन गानों से हरियाणवी संस्कृति धूमिल हो रही है, उन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और ऐसे लोगों पर मुकद्मा दर्ज किया जाना चाहिए। खाप पंचायतों को भी निर्णय लेना पड़ेगा कि जो गंदा गाए।

उसका बहिष्कार किया जाए और जो समाज को सही दिशा दे, समाज को उसे सम्मानित किया जाएगा। सरकार को इस मामले में एक जांच समिति बनानी चाहिए। जो भी गाना लॉच हो, उस समिति कि सिफारिश पर ही हो। यूटयूब पर उन सभी गानों को डिलीट किया जाए, जो गाने गंदे चल रहे हैं। खाप पंचायतों ने सरकार से मांग की कि डीजे बजाने के लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति लेनी चाहिए और 11 हजार रुपये सिक्योरटी रखी जानी चाहिए। यदि नियम भंग किया जाता है या गन फायर होता है सिक्योरिटी जब्त कर के मुकद्मा दर्ज किया जाना चाहिए। अशोभनीय गानों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

---

## 5 से 20 फूट तक किए हुए हैं अवैध निर्माण, निकलना मुश्किल

# जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों के कब्जे से लोग परेशान

■ कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में नगर पालिका की जमीन पर दुकानदारों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं लेकिन नगरपालिका द्वारा कोई ठोस कार्रवाई अवैध कब्जों पर नहीं की गई हैं। दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे 15 से 20 फूट तक अवैध कब्जे किए हुए हैं और यह अवैध कब्जे एक या दो दुकानदारों ने नहीं बल्कि डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। एक दूसरे को देखते हुए काफी संख्या में दुकानदारों ने अवैध कब्जे बढ़ा लिए हैंए लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी जुलाना की नगरपालिका प्रशासन मौन है और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं। आखिरकार जुलाना नगरपालिका प्रशासन का बढ़ रहे अवैध कब्जे पर मौन रहना बहुत कुछ ब्यां कर रहे हैं। पुरानी अनाज मंडी में बढ़ रहे अवैध कब्जों को हटवाने या गिराने के लिए मंडी के कुछ लोग ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। यहां पर नगरपालिका सचिव को एक मांग मांग पत्र सौंपा और अवैध कब्जे हटवाने की मांग की हैं।






जुलाना। जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध निर्माण। फोटो : हरिभूम

### अलाट की गई थी दुकान

बता दें कि जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में काफी साल पहले जब मंडी को नोटीफाई किया गया था तब मार्केट कमेटी द्वारा दुकानदारों को फसल उतारवाने के लिए दुकानों के आगे जगह दी गई थी ताकि आढ़ति इन दुकानों में फसलों की उतरवा कर खरीद फरोख्त का काम कर सके लेकिन जब से मार्केट कमेटी द्वारा पुरानी अनाज मंडी को डीनोटिफाई किया गया हैं उसके बाद से दुकानदारों ने अवैध कब्जे बढ़ाना शुरू कर दिया था। नगरपालिका द्वारा दिए गए थे नोटिस बता दें कि जुलाना की नगरपालिका द्वारा ऐसे दुकानदारों को नोटिस दिया गया था। जिन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। नोटिस दिए जाने के बाद भी दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई हैं। जिस कारण अब भी दुकानदारों दुकानों के आगे अवैध निर्माण कर रहे हैं और यह अवैध निर्माण दुकानदारों ने लोहे के जाल व अन्य तरीकों से किया हुआ हैं। अब देखना यह होगा कि क्या नगरपालिका प्रशासन अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करेगी या नहीं।

> **नोटिस देकर होगी कार्रवाई**
> नगर पालिका जुलाना सचिव पूजा साहू ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला आया हैं कि जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों ने अवैध निर्माण किए हुए हैं। उनको नगरपालिका द्वारा पहले भी नोटिस दिए गए थे एक बार फिर उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। या तो दुकानदारों अपने अवैध निर्माण को हटा लें अन्यथा अवैध निर्माण पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

---



पार्षद सतीश हजवाना से मुलाकात के दौरान नगरपालिका के सफाई कर्मचारी।

## पार्षद से मिले नगरपालिका के सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगर पालिका के सफाई कर्मचारी ने वार्ड नंबर एक से नवनियुक्त पार्षद सतीश हजवाना को बधाई देने के लिए उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस अवसर पर सतीश हजवाना ने सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। सतीश हजवाना ने कहा कि वह अपने कार्यकाल में वार्ड के लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को भी आश्वस्त किया कि वे उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपनी ड्यूटी सही प्रकार से निभाते रहें, वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। बातचीत में सतीश हजवाना ने बताया कि हुडा के अंदर जितने भी पार्क हैं, उनकी सफाई जारी है और जल्द ही खाली पड़े प्लॉट्स की सफाई भी करा दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आज हुडा के सबमर्सीबल पंप में कुछ सामान चोरी हो गया था और सुबह हुड्डा वासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा, जैसे ही उन्हें पता लगा तो उन्होंने सबमर्सीबल का सामान अपने निजी कोष से मंगवाया, जिससे हुड्डा वासियों ने राहत की सांस ली। सतीश हजवाना के इस कार्य से हुडा वासियों में खुशी है। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने सतीश हजवाना के सफल कार्यकाल की कामना की।

---



राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### प्रतियोगिता में रिया प्रथम तथा नेहा द्वितीय रही

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर बनाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वीना कुमारी ने की तथा संचालन प्राणी शास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. मधु बाला ने किया। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्य जीवन पर आधारित विषय पर पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा कोमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डा. मधु बाला ने बताया कि विद्यार्थियों ने इन पोस्टरों के माध्यम से विलुप्त प्राय जीवों को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

---

## हैंडबॉल में महिला वर्ग में कुरुक्षेत्र प्रथम

हरिभूमि न्यूजज ▶▶| नरवाना

उपमंडल नरवाना के दनौदा गांव में हैंडबॉल महिला खिलाड़ियों को किया सम्मानित। शाहाबाद मारकंडा के खरींडवा गांव के माता रुकमणि राय आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हरियाणा हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा 53वें 3 दिवसीय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। हरियाणा हैंडबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष सुकरम पालए गुरुद्वारा प्रबंधक समिति सदस्य जगजीत सिंह मक्कड़ए मनजीत सिंह एवं विक्रमजीत सिंह का विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया। खेल के अंतिम दिन महिला वर्ग मुकाबले फ़ाइनल में कुरुक्षेत्र व जींद ने अपनी जगह बना कर पहला स्थान कुरुक्षेत्र व जींद ने दूसरे स्थान की बाजी मारी। कुरुक्षेत्र महिला वर्ग की टीम ने 20 साल बाद इस चैंपियनशिप में अपना पहले स्थान का परचम लहराया। जिला जींद की तरफ से खेल रही खिलाड़ियों में गांव दनौदा की करीबन 7 महिलाओं ने भाग लिया। जिसमे सीनियर स्टेट महिला टीम में अनिका नैन ने बेस्ट प्लेयर टूर्नामेंट का ख़िताब अपने नाम किया। इस मौके पर हैंडबॉल संघ के जिला अध्यक्ष रमेश ढिल्लों व स्पीड हैंडबॉल अकेडमी के संचालक में ख़ुशी जताते हुए कहा की यह समय बड़े ही हर्ष का है बच्चों ने बहुत मेहनत की है जिसका परिणाम बच्चों को मिला है। आगे के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को शुभकामनायें देते है।



### 105 क्विंटल सरसों की हुई अनाजमंडी में प्राइवेट बोली पर खरीद

**जींद।** अनाजमंडी में शनिवार को 105 क्विंटल सरसों की प्राइवेट बोली पर खरीद हुई। सरसों अलग-अलग किसानों की 5600 से 5800 रुपये प्रति क्विंटल बिकी। अबतक मंडी में 452 क्विंटल सरसों की प्राइवेट व सरकारी दुकान पर खरीद हो चुकी है। शहर की अनाजमंडी में हैफेड की सरकारी दुकान पर सरसों की खरीद की जा रही है। इस दुकान पर अब तक एक ही किसान ने सरसों बेची है। प्राइवेट बोली पर ही किसान सरसों बेच रहे हैं।

---

## वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज करनाल में : राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि 23 मार्च को अग्रसेन भवन सेक्टर 8 करनाल में अग्रवाल युवा संगठन द्वारा विशाल राज्यस्तरीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन में जींद, उचाना, नरवाना, सफीदों, जुलाना, पिल्लूखेड़ा इत्यादि क्षेत्रों से काफी संख्या में प्रत्याशी भाग लेंगे। अब तक 24 कामयाब परिचय सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है। इस बार यह 25वां परिचय सम्मेलन है, जिसे रजत जयंती समारोह के तौर पर मनाया जा रहा है। गोयल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन में पूरे हरियाणा से सैकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। इसके अलावा अन्य राज्यों से यहां तक की विदेशों से भी विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे। अपनी विवाह योग्य संतानों के लिए उचित जीवन साथी का चयन करने का यह सुनहरा अवसर है। इसलिए विवाह योग्य प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। परिचय सम्मेलनों से समाज में एकता और भाईचारा तो स्थापित होता ही है।



जींद। जानकारी देते प्रधान राजकुमार गोयल। फोटो : हरिभूम

---

## गांव क्योड़क के प्राइमरी स्कूल में रोपे पौधे

■ गांव के लोगों और बच्चों से अपील की वे अधिक से अधिक अपने आस-पास पौधे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वन विभाग कैथल द्वारा गांव क्योड़क के प्राईमरी स्कूल में अंतराष्टीय वन दिवस 2025 पौधारोपण करके मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला वन अधिकारी पुषकर कुमार की अध्यक्षता में वन दिवस मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि गांव क्योड़क के सरपंच जसबीर रहे। इस कार्यक्रम के स्कूल में उप वन संरक्षक, कैथल व सरपंच द्वारा पौधारोपण किया गया और गांव के गणमान्य व्यक्तियों और बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया उप वन संरक्षक कैथल द्वारा इस अवसर पर गांव के लोगों और बच्चों से अपील की वे अधिक से अधिक अपने आस-पास पौधे लगाएं व पौधों की सुरक्षा करके पर्यावरण को स्वच्छ करने का कार्य करें। इस अवसर पर विभाग के उच्चाधिकारियों/कर्मचारियों मौके पर वन राजिक अधिकरी मंगूराम, अधीक्षक महेन्द्र सिंह कैत, वन खण्ड अधिकारी कर्ण सिंह, कुलदीप सिंह वन खंड अधिकारी, मुकेश कुमार वन खंड अधिकारी, सुरेश कुमार वन खंड अधिकारी, गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



गांव क्योड़क के प्राइमरी स्कूल में पौधारोपण करते पुषकर कुमार

---

**कार्यक्रम** नशा मुक्ति यात्रा गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई शुरू

# नशा मुक्ति यात्रा और मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच से एनएसएस कैम्प का पांचवा दिन संपन्न

हरिभूमि न्यूजज ▶▶| नरवाना

राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी नरवाना की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय कैम्प को बेलरखा गांव में भरपूर समर्थन मिल रहा है । कैम्प के पांचवे दिन आज जब एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति यात्रा निकाली तो गांव के बढ़े बुजुर्गए महिला और युवा ए मुक्त कंठ से स्वयंसेवकों की प्रशंसा करने से ख़ुद को रोक ना पाए और स्वयंसेवकों को जीवन में सफल होने के लिए अपार आशीर्वाद दिया । नशा मुक्ति यात्रा गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुरू होती हुई आयुष्मान आरोग्य केंद्र ए गाँव के ग्राम सचिवालयए गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल और मुख्य गलियों से होती हुए गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर समाप्त हुई । यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बनता था ।श्जो होगा नशे का आदीए उसके जीवन की होगी बर्बाद

नशा ही नाश की जड़ है भाईए इसने ही चारो तरफ आग लगाईश्ए श्भारत की संस्कृति बचावोए अब तो नशे पर रोक लगाओश्ए श्जन.जन तक यह संदेश पहुंचाना हैए नशे को हाथ भी नहीं लगाना हैश्ए श्नशा मुक्त जीवन ए नायब जीवनश जैसे नारों से गाँव बेलरखा की गालिया गूंज उठी । ग़ौरतलब है कि नशा मुक्ति यात्रा में स्वयंसेवकों द्वारा प्रयोग किए गए पोस्टर भी ख़ुद स्वयंसेवकों द्वारा ही बनाये गए थे ।

तत्पश्चात बेलरखा गांव की युवा क्रिकेट टीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों को मैत्रीपूर्ण कास्को सिक्सर बॉल से क्रिकेट मैच खेलने का निमंत्रण दिया जिसे स्वयंसेवकों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया । 8.8 ओवर के इस मैच का टॉस एनएसएस ग् ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । कप्तान और एनएसएस प्रभारी विनोद कुमार की अगुवानी में एनएसएस ग् ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 8 ओवर में 2 विकेट के नुक़सान पर 113 रन बनाये जिसने प्रभारी विनोद कुमार ने 75 रन बनाये द्य बेलरखा ग् ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7.3 ओवर में यह लक्ष्य 1 विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर लिया।




नरवाना। जागरूकता यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूम

---

*बच्चों को सम्मानित किया गया*

## वेदांता किड्स में वार्षिक रिजल्ट डे पर बच्चों और अभिभावकों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूजज ▶▶| नरवाना

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गएए जिसमें छात्रोंए अभिभावकों और शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। परीक्षा परिणामों के साथ ही पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि जैन ने बताया कि परिणाम घोषित होते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी झलकने लगी। उन्होंने कहा कि वेदांता किड्स में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ.साथ उनके समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा और बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन ने जानकारी दी कि विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष रेयांशए अयांशए रुद्रांशए जन्नत ने प्रथम स्थानए सव्य नैनए मननतए युक्ति ने द्वितीय स्थान और जान्हवीए शनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपने माता.पिता और शिक्षकों को गर्व महसूस कराया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समृद्धि चिन्ह भेंट कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। वेदांता किड्स स्कूल के प्रति आभार प्रकट किया।



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूम